WORKSAFE
Mahi Haumaru Aotearoa

ACC और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समर्थित

# इंजीनियर्ड स्टोन उद्योग में कार्मिकों के PCBUs लिए स्वास्थ्य जानकारी

## त्वरित सिलिकोसिस

WorkSafe, ACC और स्वास्थ्य मंत्रालय उन कार्मिकों को पहचानने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं जिन्हें इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के परिणामस्वरूप त्वरित सिलिकोसिस होने का जोखिम हो सकता है। यह एक उभरती हुई स्वास्थ्य समस्या है।

सिलिकोसिस एक रोग है जिसके कारण फेफड़ों में क्षतचिह्न पैदा होते हैं। त्वरित सिलिकोसिस एक प्रकार की सिलिकोसिस है जो किसी कार्मिक के श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय सिलिका (RCS) के बुरादे की बड़ी मात्राओं के संपर्क में आने के बाद होती है। यह आम तौर पर तीन से 10 साल के समय में विकसित होती है लेकिन विदेशों में एक साल से कम के संपर्क के बाद भी इसके मामले हुए हैं।

त्वरित सिलिकोसिस स्वास्थ्य की एक गंभीर अवस्था है।

### श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय सिलिका का बुरादा

क्रिस्टलीय सिलिका कंक्रीट, ईंटों, चट्टानों, रेत, मिट्टी, और पत्थर में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक पदार्थ है। यह रसोईघर, बाथरुम और लॉंड्री के लिए संयोजी बेंचटॉप बनाने के लिए प्रयुक्त कृत्रिम या इंजीनियर्ड स्टोन में भी पाया जाता है।

श्वसनयोग्य क्रिस्टलीय बुरादा तब बनता है जब क्रिस्टलीय सिलिका से युक्त सामग्रियों को काटा, पीसा, खोदा, सैंड किया, पॉलिश किया, या अन्यथा छेड़ा जाता है। RCS के कण अत्यंत महीन ("श्वसनयोग्य") होते हैं; उन्हें नंगी आँखों से हमेशा नहीं देखा जा सकता है। किसी भी स्रोत से आने वाले RCS बुरादे से संपर्क मानव स्वास्थ्य को हानि पहुंचा सकता है।

## इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने वाले कार्यस्थलों में WorkSafe के दौरे

WorkSafe के निरीक्षक उन व्यवसायों के दौरों के दूसरे दौर का संचालन कर रहे हैं जिन्हें इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के लिए जाना जाता है। हमने पिछले वर्ष इन व्यवसायों का दौरा किया गया था ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने के जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है, और कार्मिकों की सुरक्षा के लिए कारगर नियंत्रण स्थापित किए गए हैं।

निरीक्षक अब जोखिम प्रबंधन की जांच करने, और यह जानकारी प्रदान करने के लिए कि आपके कार्मिक इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने से उनका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है या नहीं इस बात का पता कैसे लगा सकते हैं, पिछले वर्ष के दौरों का फॉलो अप कर रहे हैं। निरीक्षक इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम करने वाले नए पहचान किए गए स्थलों का भी दौरा करेंगे।

## क्या आपके कार्मिकों को स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए?

यदि कार्मिकों ने पिछले 10 वर्षों में छः से अधिक महीनों तक इंजीनियर्ड स्टोन के साथ काम किया है, तो उन्हें अपने सामान्य चिकित्सक (GP) से मिलना चाहिए।

यदि आपके पास अपने कार्मिकों के लिए पिछली स्वास्थ्य निगरानी के रिकार्ड हैं, यह महत्वपूर्ण है कि आप इन्हें अपने कार्मिकों को दें ताकि वे उन्हें अपने GP के पास ले जा सकें।

↓

GP कार्मिक की परिक्षण करेगा और उन्हें अधिक जानकारी और सलाह प्रदान करेगा।

यदि GP निश्चय करता है कि कार्मिक को त्वरित सिलिकोसिस होने का जोखिम है, तो वह उन्हें अगले कदमों के बारे में जानकारी और सलाह देगा।

**स्वास्थ्य के आकलन के लिए GP के पास जाना स्वैच्छिक है, लेकिन WorkSafe, स्वास्थ्य मंत्रालय, और ACC, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्हें उपयुक्त सलाह मिले, इंजीनियर्ड स्टोन उद्योग के कार्मिकों को ऐसा करने की पुरजोर अनुशंसा करते हैं।**

## GP से मुलाकात के लिए कौन भुगतान करता है?

कार्मिक को GP से मुलाकात की लागत का भुगतान करना होगा, हालांकि यह केवल आंशिक भुगतान हो सकता है यदि उनका GP उनकी ओर से ACC के पास दावा प्रस्तुत करता है।

Worksafe अनुशंसा करता है कि व्यवसाय GP से मुलाकात के लिए भुगतान करने पर विचार करें और कार्मिकों को इस (और भविष्य में इससे संबंधित अपाइंटमेंटों) के लिए काम के घंटों के दौरान छुट्टी लेने की अनुमति दें ताकि उनके लिए स्वास्थ्य का आकलन करवाना आसान और संभव हो सके।

WSNZ_3805_SEP 20 HINDI

## ACC किसके लिए भुगतान करेगा?

ACC कार्मिक के दावे का आकलन करने के लिए जरूरी नैदानिक आकलनों और जाँचों के लिए भुगतान करेगा।

**परामर्श सहायता**

यह समय चिंता से भरा हो सकता है। यदि आप या आपके कार्मिकों को परामर्श सहायता चाहिए, तो GP आपको उन स्थानीय सेवाओं के बारे में बता सकता है जो उपलब्ध हैं।

आपके पास एक कर्मचारी सहायता कार्यक्रम हो सकता है जिसका उपयोग आप और आपके कार्मिक कर सकते हैं।

राष्ट्रीय टेलीफोन सहायता सेवाएं जैसे 1737 नेशनल टेलीहेल्थ सर्विस (1737 को कॉल करें या संदेश भेजें) या Lifeline Aotearoa (4357 को संदेश भेजें, 0800 543 354 को कॉल करें) सारे सप्ताह चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं और निःशुल्क हैं।

अपने क्षेत्र में परामर्श सेवाओं का पता लगाने के लिए, आप और आपके कार्मिक Healthline को 0800 611 611 पर कॉल कर सकते हैं।

## अधिक जानकारी

एक PCBU के रुप में आपको, जहाँ तक उचित रुप से व्यावहारिक हो, अपने कार्मिकों के स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए यदि किसी विशेष स्वास्थ्य जोखिम से संपर्क के कारण उसकी जरुरत पड़ती है। आपको अपने व्यवसाय में जोखिमों के बारे में स्वास्थ्य की निगरानी की सलाह और सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयुक्त रुप से प्रशिक्षित पेशेवर को नियुक्त करना चाहिए। आप न्यूज़ीलैंड के स्वास्थ्य और सुरक्षा संघ के रजिस्टर पर अर्हताप्राप्त पेशेवरों को खोज सकते हैं: https://register.hasanz.org.nz

PCBUs और कार्मिकों को उन निर्णयों पर चर्चा करनी चाहिए जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, जिनमें उनके स्वास्थ्य का आकलन और निगरानी करवाने का तरीका शामिल है।

## WorkSafe मार्गदर्शन

अंग्रेजी और सात अन्य भाषाओं में उपलब्ध:

कार्यस्थल में सिलिका का बुरादा

कार्मिकों के जानने की 8 मुख्य बातें: कार्यस्थल में सिलिका के बुरादे को नियंत्रित करना

स्वास्थ्य की निगरानी और संपर्क की निगरानी